मूल्य रु. ५-००

श्री स्वामिनारायण

मासिक

प्रकाशन दिनांक प्रत्येक महीने की ११ तारीख सलंग अंक १२९ जनवरी-२०१८

अहमदाबाद मंदिर में धनुर्मास

प्रकाशक : श्री स्वामिनारायण मंदिर अहमदाबाद-३८०००१

(१) गांधीनगर सेकटर-२३ श्री स्वामिनारायण मंदिर के अमृतवर्षा महोत्सव के अवसर पर पुस्तक का विमोचन करते हुए और सभा में आशीर्वाद देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(२) रानीपुरा गाँव में नूतन मंदिर का खात मुहूर्त करते हुए और सभा में आशीर्वचन देते हुए प.पू. आचार्य महाराजश्री ।(३) गांधीनगर सेकटर-२ मंदिर के पाटोत्सव के अवसर पर ठाकोरजी के अन्नकूट दर्शन ।(४) पटना में शेठश्री जालन साहेब के वहाँ पटना साहीब गुरुद्वारा के प्रतिनिधियो के द्वारा प.पू. मोटा महाराजश्री का सन्मान ।(५) मोटेरा मंदिर में रात्रि कथा करते हुए शास्त्री स्वामी रामकृष्णदासजी (कोटेश्वर) ।(६) हमारे कानपुर (यु.पी.) मंदिर की प्रतिष्ठा के बाद प्रथम वार दर्शन करने पधारे हुए प.पू. मोटा महाराजश्री और साथ में मंदिर के जमीन के दाता श्री राजेन्द्रभाई पटेल परिवार ।

श्री स्वामिनारायण

श्री नरनारायणदेव पीठस्थान मुखपत्र

वर्ष - ११ ● अंक : १२९

जनवरी-२०१८

संस्थापक

श्री नरनारायणदेव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री १००८
श्री तेजेन्द्रप्रसादजी महाराजश्री
श्री स्वामिनारायण म्युजियम
नारायणपुरा, अहमदाबाद.
फोन : २७४९९५९७ ● फोक्स :
२७४१९५९७
प.पू. मोटा महाराजश्री के संपर्क के लीए
फोन : २७४९९५९७
www.swaminarayanmuseum.com
दूर ध्वनि
२२१३३८३५ (मंदिर)
२७४७८०७० (स्वा. बाग)
फेक्स : ०७९-२७४५२१४५
श्री नरनारायणेदव पीठाधिपति
प.पू.ध.धु. आचार्य १००८
श्री कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराजश्रीकी
आज्ञा से
तंत्रीश्री
स.गु. शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी (महंत स्वामी)

पत्र व्यवहार

श्री स्वामिनारायण मासिक कार्यालय
श्री स्वामिनारायण मंदिर कालुपुर,
अहमदाबाद-३८० ००१.
दूर ध्वनि २२१३२१७०, २२१३६८१८.
फोक्स : २२१७६९९२
www.swaminarayan.info

पतेमें परिवर्तन के लिये
E-mail : manishnvora@yahoo.co.in

मूल्य - प्रति वर्ष ५०-०० ● प्रति कोपी ५-००

अ नु क्र म णि का

०१.	अस्मदीयम्	०४
०२.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा	०५
०३.	संध्या	०६
०४.	प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की मुख से अमृत वचन	०८
०५.	नित्य भजन करने योग्य गुरु	११
०५.	श्री स्वामिनारायण म्युझियम के द्वार से	१३
०६.	सत्संग बालवाटिका	१५
०७.	भक्ति सुधा	१७
०८.	सत्संग समाचार	२१

अस्मदीयम्

''प्रत्यक्ष भगवान की जो मूर्ति हे और दूसरी जो मायावी आकार होते हैं इन दोनो में बहुत फर्क है। लेकीन जो अज्ञानी है या मूर्ख है वह भगवान और इस मायावी आकार को एक समान जानता है क्योंकी वह मायावी आकार को ही देखता है और उसका ही सदा चिंतन करता है। ओर इसीलीये वह अनंत कोटी कल्पतक यह नरक चोराशी में धूमता रहता है। और जो भगवान के स्वरुप का दर्शन करता है और नित्य भगवान के स्वरुप चिंतन करता है वह काल, कर्म और माया इन सभी के बंधन से मुक्त होकर अभय पद प्राप्त करता है और भगवान का पार्षद बन जाता है। इसलीये हमें तो कभीभी भगवान की कथा कीर्तन या वार्ता या फीर भगवान के ध्यान से मनको कभीभी तृप्ती नही होती है, और इसलीये आप सब को ही एसा ही करना है।'' (ग.म.व.-४९)

यह बात समजने जेसी और हृदय में उतारने जेसी है। भगवान को दूसरो जेसा जानना यह भी अपने आप में एक बड़ा अपराधहै। भगवान तो भगवान है उसकी उपमां कीसी और को नहीं दे सकते एसा ध्यान हमे रखना है।

तंत्रीश्री (महंत स्वामी)
शास्त्री स्वामी हरिकृष्णदासजी का
जयश्री स्वामिनारायण

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(दिसम्बर-२०१७)

८-१० श्री स्वामिनारायण मंदिर मुंद्रा (कच्छ) मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पदार्पण ।
११ श्री स्वामिनारायण मंदिर मणीयोर (ईडर देश) कथा के अवसर पर पदार्पण ।
१६ श्री स्वामिनारायण मंदिर राणीपुरा के नूतन मंदिर के खात मुहूर्त के अवसर पर पदार्पण एवम् ईलोल (तह. हिंमतनगर) रजत जयंती पाटोत्सव के अवसर पर पदार्पण ।
१७ श्री स्वामिनारायण मंदिर अंजली सत्संग सभा के अवसर पर पदार्पण ।
१८ संतरामपुर (पंचमहाल) गाँव में कथा के अवसर पर पदार्पण ।
१९ श्री स्वामिनारायण मंदिर जामसर (हालार-मूली देश) शाकोत्सव के अवसर पर पदार्पण ।
२० श्री स्वामिनारायण मंदिर बालवा कथा के अवसर पर पदार्पण ।
२१ श्री स्वामिनारायण मंदिर भीमपुरा कथा के अवसर पर पदार्पण ।
२२ श्री स्वामिनारायण मंदिर धोलका शाकोत्सव के अवसर पर पदार्पण ।
२३-२४ श्री स्वामिनारायण मंदिर भुज (कच्छ) पदार्पण ।
२५ श्री स्वामिनारायण मंदिर गांधीनगर (से-२३) पदार्पण ।
(शाम) श्री स्वामिनारायण मंदिर कथा के अवसर पर पदार्पण ।
२७-२८ श्री स्वामिनारायण मंदिर मांडवी (कच्छ) पदार्पण ।
३१ से २ जन.-२०१८ मांडवी (कच्छ) कन्या छात्रालय के उद्घाटन के अवसर पर पदार्पण ।

प.पू. लालजी महाराजश्री के कार्यक्रम की रुपरेखा

(दिसम्बर-२०१७)

१० कुबडथल श्री नरनारायणदेव युवक मंडल की सत्संग युवा शिबिर अपनी अध्यक्षतामें संपन्न हुई ।
१७ बालवा गाँव में कथा के अवसर पर पदार्पण ।
२३ बोपल श्री स्वामिनारायण मंदिर शाकोत्सव के अवसर पर पदार्पण ।
३१ बापुपुरा श्री स्वामिनारायण मंदिर शाकोत्सव के अवसर पर पदार्पण ।

संध्या

- साधु पुरुषोत्तमप्रकाशदास (जेतलपुरधाम)

ब्रह्माजी ने एकबार अपनी दाही जंगा में से एक पुरुष उत्पन्न किया और बाही जंगा में से स्त्री उत्पन्न की । पुरुष के नाम कामदेव और स्त्री का नाम संध्या रखा । स्त्री पुरुष दोनो की बहुत ही सुंदर, स्वरुपवान, मनमोहक काया देखकर देवोके मन भी मोहित हो गये । त्रिलोकी देवो ओर दानव सभी इन दोनो की सुंदर काया देखते थे और उनसे दूर नही जाते थे और उनको अपने सेवक बनाने के लीये तरह तरह के लालच, प्रलोभन, स्तुती, प्रार्थना के द्वारा दोनो को वशीभूत करने के उपाय करने लगे । मोहान्द हो चुके देवो से कामदेव और संध्या दोनो त्राहिमाम हो गये और ब्रह्माजी के कहने से दोनो भगवान भोलानाथ सदाशीव के शरणमे गये ।

दोनो कैलाश पर्वत बिराजमान सदाशिव के शरणमें जागर यह प्रार्थना की, ''हे शंभु आप हमारी रक्षा करो ।'' कामदेवजी कहते हैं की जहा पर भी हमारी द्रष्टि जाती हे वहा सभी लोग हमारे रुप को देखकर मोहीत हो जाते है । हमारे स्वजन भी हमको कामद्रष्टि से देखने लगे है । आजदीन तक ऐसे कोई भी नही जीसके मन में हमे देखकर राग उत्पन्न न हुआ हो ।

कामदेव की प्रार्थना गर्वीष्ठ थी इसलीये भोलानाथ बोले, ''हे दुष्ट ! तेरा रुप देखकर त्रिलोकी क्यों न मोहीत हो जाता हो लेकीन मे तुजे भस्म कर दुंगा,'' कामदेवने क्षमा की प्रार्थना की और महादेव को प्रसन्न कीया ।

संध्या देवीने शंभु के शरण में जाकर प्रार्थना की, ''हे प्रभु मेरी काया पर मेरे स्वजनोने ही क्रुद्रष्टि की है तो मेरा रुप अग्निमें लुप्त हो जाये ऐसी कृपा करे ।''

शिवजीने वरदान दीया की, ''हे देवी आपके जन्म से ही आपको देखकर सभी देवगण मोहीत हुए है तो आपका बचपन व्यर्थ गया है तो आज से मानव सृष्टिनी जन्म से सोलह साल तक कीसी को कामदेव की द्रष्टि की कामवासना उत्पन्न नही होगी ।''

शिवजी की आज्ञा से संध्या देवी चंद्रभागा नदी के तट पर इस बात को सुनकर मेघातिश्री मुनि यज्ञ कर रहे थे वहा आये । मुनिने मंत्र प्रभाव से संध्यादेवी की काया अग्निरुप सुवर्णमय होकर सूर्यलोग में पहोंची वहाँ भास्कर सूर्यदेव ने सुवर्णरुप संध्या के साथ विवाह किया ।

सूर्यदेव को अपनी पत्नी संध्यासे तीन संतान की प्रासु हुई । जो वैवस्वतमनु, यदेव और यमुना थे ।

वैवस्वतमनु अब मन्वन्तर कहलाते है । यमदेव जो धर्मराजा और यमराजा के नाम से भी पहेचाने जाते हैं । वे सभी जीव के पाव और पुण्य का निर्णय देते हैं । यमुनादेवी गोलोक में भगवान श्री कृष्ण की महाराणी की रुप में और पृथ्वी पर जल स्वरुप प्रगट व्रजभूमि में विराजीत है ।

सूर्यनारायणदेव अपनी पत्नी संध्या से अति मोहित थे इसीलिये नित्यकर्म पूजा-पाठ-पुरश्चरण के सयम संध्या का सांनिध्य नही छोडते थे । संध्यादेवी ने सूर्यदेव का यह मोह उतारने के लीये अपने योग ऐश्वर्य की ताकात से अपनी जैसी ही छाया उत्पन्न कर उसको सूर्य के साथ रखकर खुद कठीन तपश्चर्या करने लगे ।

मोह से बधे हुये सूर्यदेव अपनी पत्नी की छाया को पहचान न शके और उसके द्वारा एक पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम शनिदेव रखा गया ।

शनिदेव जन्म से ही बडे शूरवीर और शरारती स्वभाव के थे । वे अपने बंधुओ को बिना कोई दोष दंड देते थे इसीलिये सूर्यदेवने क्रोधीत होकर उनको श्राप दीया और शनिदेव एक पैर से पंगु हो गये । उस दीन से शनिदेव की गति मंद हो गई ।

एकबार नारदजी सूर्यदेव के पास आये और संध्या के बारे में पूछा, नारदजीने कहा, ''हे देव आप पूरे संसार को प्रकाशीत करते हैं लेकीन आप अपने घर में नही देख शकते हैं । आपकी संध्या कही सालो से वन में तप कर रही है । जो आप नही जानते है और छाया-संध्या आपकी सेवा में हैं ।''

सूर्यदेव क्रोपायमान होकर छाया को श्राप दीया की, ''तुने कपट से मेरे द्वारा संतान प्राप्त कीया है तो मेरा पुत्र मेरा

शत्रु बनकर रहेगा।(जो आज ही सूर्य-शनि एक दुसरे के शत्रु है)।

सूर्यदेव तुरंत ही वन में तप कर रही संध्या देवी के पास गये है। तब संध्याने अपना रुप छुपा दीया और वह अश्व बन गये। संध्या के पीछे मोहान्धसूर्यभी अश्व बन गये और दोनो के द्वारा अश्विनीकुमार नाम से पुत्र हुये। जो इस विश्व के महान वैद्य बने।

संध्या के पीछे सूर्यनारायण अश्वरुप बन गये इसलीये पूरा त्रिलोक अंधकारमय हो गया और देव-मनुष्य-असुर सब त्राहिमाम त्राहिमाम हो गये।

ब्रह्मा-विष्णु-शिव के साथ नारदजी सूर्यदेव के पास आये और उन्होने सूर्य और संध्या देवी को प्रार्थना की, ''हे सूर्यदेव ! संध्या देवी की तपश्चर्या के प्रभाव से आप अति तेजस्वी बन गये हो। शीघ्र ही आप जगत को दर्शन दीजीये और उसको रोग एवम शोक से मुक्त करके उसे तेजस्वी बनाईये। यह संध्यादेवी सदैव आपके साथ रथ में ही रहेगी और उनके सुवर्णमय तेज से विश्व प्रकाशित होगा और आपके तेज से पहले संध्यादेवी का तेज प्रगट होगा। आपके दर्शन के जगत का कल्याण होगा। संध्या के दर्शन से और संध्या के आगमन के समय पर जो भी व्यक्ति जप, तप, व्रत, दान, पूजा, पाठ, मंत्र, पठन, स्मरण और कीर्तन करेंगे उनको अक्षय महापुण्य फल प्राप्त होगा।

उदय और अस्त की संध्या के दर्शन से पापी भी अपने आपसे मुक्त होकर सत्कर्मका अधिकारी होगा।

अब से जब तक यह विश्व रहेगा तब तक सूर्य और संध्या का वियोग नही होगा और जो संध्या दर्शन करेंगे उनके आपस के प्रेम में वृद्धि होगी। संध्यादेवी ने अश्व का रुप धारण कीया इसीलीये जो पुरुष अश्व पर बेठकर विवाह करने जायेगा उसका दाम्पत्य जीवन में आपस प्रेम अतूट रहेगा।

आदि सत्ययुग की यह कथा है सूर्यदेव की दूसरी पत्नी होने के बावजूद संध्यादेवी सूर्यनारायण के साथ रथ में बीराजती है और वह भी सूर्यनारायण की तरह अति तेजस्वी है। सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद जीस सुवर्णमय तेज का दर्शन हम करते हैं वह स्वयं संध्यादेवी है।

उस समय से प्रातः संध्या और सायम् संध्या के समय को शास्त्रज्ञो ने जप, तप, व्रत, पूजन के सर्वोत्तम पुण्यकाल कहा है। जो भी व्यक्ति प्रातः सायम और मध्यान्ह समय पर पूजा, पाठ, जप, तप, पूजन इत्यादि करता है उसे सहस्त्रघपुण्य फल मीलता है।

हमारे आर्षद्रष्टा ऋषि मुनियोने त्रिकाल संध्या की पूजा निश्चित की है। वैदिक हिन्दु परंपरा के अनुयायी त्रिकाल संध्या अवश्य करते हैं।

जो लोग प्रवृतिमार्ग में जुडे हुये है उनको त्रिकाल संध्या की पूजा अवश्य करनी चाहीये। अगर त्रिकाल संध्या न हो शके तो प्रातः और सायम संध्या अवश्य करनी चाहिए।

जो लोग संध्या के समय पूजा-पाठ-जप करते हैं वे लोग ब्रह्मा, विष्णु, शिव इत्यादि देवोने दीये हुये वरदान के अधिकारी बनते हैं।

संध्या के समय पर अगर कोई व्यक्ति आरती, प्रार्थना, पूजा, नही करता तो उसका आध्यात्मिक जीवन शून्य हो जाता है और उसके मून पर आशूरी तत्व का प्रभाव बढ जाता है।

सर्वावतारी श्री सहजानंद स्वामीने शिक्षापत्री श्लोक नं. ६३ में निजाश्रीतो को यह आज्ञा दी है के, ''हमारे आश्रीत सभी सत्संगीजन नित्य (सायम्) काल के समय भगवान के मंदिर जाये और उस मंदिर में विराजीत श्री राधिजीके पति ऐसे श्रीकृष्ण भगवान के नाम का उच्चस्वर से कीर्तन करे।''

प्रातःकाल के समय अपने घर पर पूजा करने को कहा है और सायम काल के समय यानी के संध्या के समय मंदिर में कीर्तन करने के लीये जाने की आज्ञा दी है। और श्लोक नं. १८८ मे गृहस्थाश्रमी के विशेष धर्ममें कहा है की ''जो लोग ब्राह्मण है उन्हे संध्या कीये बीना भोजन नही करना है।''

वैदिक और पौराणिक पूजा विधिमें प्रातःकाल और संध्यापूजा की पुष्टि की गई है। प्रवृतिमार्ग में जुडे होने के बावजूद संध्या के समय पर पूजा दर्शन अवश्य करे।

वैष्णवी पूजा विधिमें संध्या के समय पर विशेष पंचोपचार पूजा करने के बाद सभी मुमुक्षु ठाकोरजी के मुख दर्शन अवश्य करे। दिप ज्योती सुवर्ण स्वरुप स्वयं संध्या देवी के प्रतिक के रुप में प्रगट करके परमात्मा को निवेदन कीया जाता है। अग्नि तत्त्व संध्या की काया है।

प.पू.ध.धु. आचार्य महाराजश्री की मुख से अमृत वचन

- संकलन : गोरधनभाई वी. सीतापरा (हीरावाडी-बापुनगर)

कलोल (पंचवटी) मंदिर मूर्ति प्रतिष्ठा महोत्सव के अवसर पर दिनांक २७-११-२०१७ : भगवान बडे ही स्वरुपवान है उत्तर गुजरात के हरिभक्त बडे ही भाग्यवान है । पीछले कही सालो से हम ओर पी.पी. स्वामी ईत्यादि संत यह विचार करते ते थे की इस विस्तार में बहुत सारे हरि मंदिर है । छोटे बड़े गावो में साल में दो बार हम जाते हैं । इसीलिये हम बहुत सारे हरिभक्तो को पहचान ते भी है लेकीन सत्संग के विशेष संवर्धन के हेतु और जहाँ पर सभी हरिभक्त एकठा हो सके और उत्सव समैया भी आयोजीत हो शके और सभी हरिभक्तो को भगवान के दर्शन हो शके इसके लीये कलोल केन्द्रीय स्थान है । इसके बारे में हमने चर्चा की आज इस अवसर पर दशरथभाई और जी. के. पटेल जैसे हरिभक्त बैठे हैं । उनको पता है कि उस समय पर रुपियो की बहुत व्यवस्था नहीं थी और सब कुछ दुसरो से मांग कर एकट्ठा करना पडे एसी परिस्थिति थी । इसके बावजुद सभी लोगने साथ मीलकर यह जमीन खरीद ली जीस में यह कलोल स्थान का बहुत बडा योगदान है। देश विदेश में हम जब भी जाते थे और जब वहाँ पर उत्तर गुजरात का हरिभक्त मील जाता था तब वो पूछता था की कलोल मंदिर की प्रतिष्ठा कब है ? या फीर हमको प्रतिष्ठा की दिनांक बताते हुये हमे कहते थे की वे लोग प्रतिष्ठा महोत्सव में दर्शन के लीये आने वाले हैं । इतना बड़ा उत्साह सारे हरिभक्तो में था । तो बात यह थी की भगवान बड़े ही स्वरुपवान है । हमारा मंदिर भी बहुत सुंदर है और यहा पर उत्तर गुजरात का सत्संग भी बहुत अच्छा है । यह भूमि बहुत ही पवित्र है । यहाँ के गाँवो में महाराज अनेकबार आये हुये है । आज यहाँ पर बैठे हुये हरिभक्तो के समग्र परिवार को अपने पूर्वजो से मिला हुआ सत्संग और संस्कार दोनो ही संभालने है और उसका संवर्धन करना है और इसके लीये यह मंदिर है । कोई कुछ भी कहे लेकीन मंदिर अनिवार्य है, मंदिर के बिना छुटकारा नही । हमने यह कही नहीं देखा की भगवान और मंदिर के बिना किसी का उद्धार हुआ हो । अंत में तो कोई भी व्यक्ति ''हे भगवान'' एसा ही उच्चारण करता है !

हम सब लोग बडे ही भाग्य शाली है की हम को भगवान और सत्संग की यह परंपरा मिली है । हमारी यह जीम्मेवारी है की यह परंपरा चालु रहे । आप सभी यहा पर बैठे हो दूसरी और युवाओ के बड़ी दस्त है जो सेवा में लगी हुई है । उनके भविष्य की पीढी और उनके बाद भी भविष्य की पीढी में संस्कार, सत्संग और भगवान बने रहे यह जिम्मेवारी हम सब की है । **धन-संपत्ति तो सभी लोग संभालते है लेकिन अगर हम हमारे बच्चो को सुखी करना चाहते है या तो सुखी देखना चाहते हे तो भगवान के बिना कोई उद्धार नहीं । मेरी यह बिनती है की आप अपने बच्चो को भगवान दीजीये । मकान और व्यवसाय के लीये दुकान वे लोग वैसे ही लेने वाले हैं ।** भगवान और संस्कार दीये नही जा सकते । अगर कोई कहता है की हम अच्छे संस्कार देगे तो वह उनकी शक्ति भी नहीं है और क्षमता भी नहीं है ! हा यह जरुर है की हम इसके लीये एक

अच्छा वातावरण जरुर खडा कर सकते हैं। आप प्रयत्न कीजीये। आप अपने बच्चो से यह कहना की सुबह उठना ऐसा करा, वैसा करना। और शाम को जब देखेंगे तो सब कुछ उल्टा होगा!

जो भगवान मंदिर मैं है वही भगवान हमारे घर में भी बिराजमान है। सिंहासन या भगवान के बिना आज एक भी घर नहीं है। स्वामिनारायण भगवानने कहा है की जब भी घर में रसोई तैयार हो जाये तो हमारे घरमें बिराजमान ठाकोलजी को थाल अर्पण करने के बाद ही प्रसादी रुप अन्न ग्रहण करना चाहीए। हम इस विश्वा में दूसरी बहुत मेहनत करते हे लेकिन क्या हम अपने घर में ४ से १० साल के बच्चो को ठाकोरजी को थाल अर्पण करने को कहते हैं? या फीर कही जगह पर तो शायद भगवान सिंहासन में सींगसाकरीया ग्रहण करते हैं और हम सब माल-पूवा खाते हैं ऐसा भी हो शकता है? सभा में महिला हरिभक्तों की संख्या नित्य बहुत सारी होती है। सांख्ययोगी महिला हरिभक्त भी यहाँ पर आये हुए है। हमारे रसोई घर की देखभाल महिलाओ के हाथ में रहती है। छोटी आयु के बचो को अगर आप थाल अर्पण करने को कहेगें तो हलचल मच जायेगी लेकीन तुरंत भोजन लेने की अभिप्सा से वे ठाकोलजी को थाल अवश्य अर्पण करेंगे। छोटी आयु में अगर दो-तीन बार भी उन्होंने थाल अर्पण कीया है तो वहीं बच्चे जब ३५-४० या ५० साल के बड़े हो जायेगे तो तब उन्हें यह याद रहेगा की मेरे माता-पिताजी मुजे सिंहासन में बिराजमान ठाकोरजी को थाल अर्पण करने के लीये भेजते थे। तो फीर कुल मिलाकर छोटी-छोटी बातो से ही यह विश्व बड़ा होता है और संस्कार एक अच्छा वातावरण भी निर्माण होता है।

यहाँ पर बैठे हुए वयस्क हरिभक्त जानते है और अगर आप उसने पूछेगे तो वे बतायेगे की बारीश की मौसम में हमारे संत गाँव में नाम-धर्मादा लेने के लीये और कथा-वार्ता करने के निमित्त जाते थे। उस समय ठाकोरजी की प्रसादी मिलती थी और उस प्रसादी का स्वाद इतना अच्छा लगा था की वे सब आज भी यहाँ पर बैठे हुए है। हमारे एक संत मुजे कहते थे की वे छोटे थे तब उनके गाँव में संत आते थे और साथ में ठाकोरजी का प्रसाद सब को देते थे। और वे सब २०-२५ लडके उसी प्रसादी को लेने के लीये ही जाते थे। इसी प्रसादी की वजह से वे मंदिर में आने लगे और बाद में दिक्षा ग्रहण की। **आज आप विचार करे यही साधु आज बहुत सारे लोगो को भगवान की पहचान कराते हैं। प्रसाद और भगवान का यही तो महत्व है इसीलीये वातावरण से संस्कार निर्माण होते हैं केवल उपदेश से संस्कार नही निर्माण होते।**

हम अपना कोई भी काम हो जाये इसके लीये कुछ ना कुछ भेट देने के लीये आदि है। इसी बात को किसी अच्छी चीज के लीये या तो फीर हमारे बच्चो के लीये संस्कार के लीये भी प्रयत्न कर सकते हैं। हम अपने बच्चो को यह कह सकते हैं की अगर वह ठाकोरजी को थाल अर्पण करते है तो उसको चोकलेट मीलेगी। अगर वह एक हप्ते तक नित्य भगवान की भक्ति करेगा तो फीर उसे हम घुमने के लीये ले जायेंगे। वैसे भी हम अपने बच्चे जो भी चाहे वो हम उसे लाकर देते हैं तो क्युं न हम इसका सभी रास्ते पर उपयोग करे। किसी की इर्ष्या करना यह बात ठीक नहीं है। ईर्ष्या वह दोष है तो भी वचनामृत में महाराजने कहा है की अगर इर्ष्या करनी हो तो नारद और उनके तुंबरु जैसी करना। दूसरे व्यक्ति में जो भी अच्छे संस्कार है वे हमारे अंदर आये। यह मंदिर, यह संत, यह सभा मंडप इनसे अच्छे संस्कार का

वातावरण का निर्माण होता है।

इस सभा मंडप में वयस्क संत भी बैठे हुये है। भुज के महंत स्वामी की आयु ८४ साल है। यह श्याम स्वामी की आयु ८५ साल है। आप कल्पना कीजीये. ५०-५० साल से ये सत्संग की अविरत सेवा करते आये हैं। हम तो एक दिन भी अगर निकालना हो बड़े परेशान हो जाते है ! यहाँ पर भक्ति स्वामी, जगतप्रकाश स्वामी और भी अनेक युवा संत बैठे हुये है। किसी को यह लगता होगा की इस संत को सब कुछ सुलभ है और अच्छा भी है। लेकिन अगर आप हमारे साथ दो दिन रहेंगे और साथ चलेगें तब पता चलेगा क्योंकी कभी कभी उनको ठीक तरह से खाना भी नहीं मिलता फिर भी ये लोग हमारे साथ रहते हैं क्योंकि उनको भगवान चाहीये। आप सभी को भी भगवान चाहीए इसलीये तो एसे मंदिर निर्माण होते हैं।

यह बात बहुत स्पष्ट है की नरनारायणदेव के देश में जो भी मंदिर निर्माण होते हैं वह केवल पथ्थर या सिमेन्ट से नहीं होते लेकिन संत और हरिभक्त की भावना से निर्माण होते हैं। यह हकीकत है कि सभी हरिभक्तो के भाव और प्रेम की वजह से इस भगवान की मूर्ति परस्मित है। मूर्ति बडी स्वरुपवान लगती है। इस दुनिाय में बहुत सारे जगह पर सोने की मूर्तिया निर्माण की जाती है लेकिन उस मूर्ति में भाव नहीं आता हमारे मंदिरो में पंचमहाल से लेकर मांडवी तक कोने-कोने में भगवान की मूर्तिया स्मित देती है। इसकी वजहा आप सबकी भावना है। आप का योगदान, पैसे का नही लेकीन समय का योगदान बड़ा ही महत्वका है। कल ही अमेरिका से आये हुए एक व्यक्ति को यहाँ आने की वजाह पूछी तो बताया की वे केवल इस प्रतिष्ठा उत्सव के दर्शन के लिये ही यहा पर आये है ! विदेश से बहोत सारे हरिभक्त यहाँ पर आये हुये है। वे सब भगवान से जुडे हुये है। अगर हम किसी शादी-विवाह में जाना हो, और वह भी इतनी दूर तो हम १० बार इसके बारे में विचार करते हैं कि जाये या न जाये ! तो फिर भगवान के दर्शन के लिये इतनी दूर यहाँ पर आना यह बहोत ही कठीन है। हम अपनी नोकरी-व्यवसाय में छुटी रखकर, दूसरी वैकल्पीक व्यवस्था करके के और परिवार को छोडकर यहाँ पर आते हैं। यह अपने आपमें बड़ी बात है। हमारे महिला हरिभक्त भी जब कथा सुनने पर जब आते है तब घर के दूसरे सारे काम इतनी जल्दी से निपटाते है तब जाके इस सभा मंडप में समय पर पहोंते हैं।

बहुत सारे अमृत वचन कह कर अंत में प.पू. आचार्य महाराजश्रीने यजमान हरिभक्त सहित सभी को शुभ आशीर्वाद दिये थे।

श्री नरनारायणदेव के २४ कलाक दर्शन के लीये देखिये वेबसाईट
www.swaminarayan.info
www.swaminarayan.in
भारतीय समय अनुसार आरती दर्शन : मंगला आरती ५-३० ● शृंगार आरती ८-०५
● राजभोग आरती १०-१० ● संध्या आरती १८-३० ● शयन आरती २०-३०

नित्य भजन करने योग्य गुरु

- અતુલ ભાનુપ્રસાદ પોથીવાલા (અમદાવાદ)

॥ श्रीगुरु भजन स्तोत्रम्, वियोगिनीवृत्तम् ॥

भवसंभवभीतिभेदनं सुखसम्पत्करुणानिकेतनम् ।
व्रतदानतपः क्रियाफलं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥१॥
करुणामयचारुलोचनं शरणायातजनार्तिमोचनम् ।
पतितोद्धरणाय तत्परं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥२॥
निजतत्त्वपथावबोधनं जनतायाः स्वत एव दुर्गमम् ।
इति चिन्त्य गृहितविग्रहं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥३॥
विधिशंभुमुखैरनिग्रहं भवपाथोधिपरिभ्रमाकुलम् ।
अपिधार्यमनो नरप्रभं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥४॥
निजपादपयोजकीर्तनं सततं स्याद्भवजीवगोचरम् ।
इति यः कुरुते क्रतूत्सवं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥५॥
बहिरीक्षणलोकमानुषं निजजत्ताम्बकदर्शिनां हरिम् ।
भजनियपदं जगद्गुरुं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥६॥
शरणागतपापपर्वतं गमयित्वा न तदीयसद्गुणम् ।
अणुमप्यतुलं हि मन्यते सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥७॥
भववारिधिमोक्षसाधनं गुरुराजप्रकटस्वसंगमम् ।
प्रकटीकृतवान् कृपावशः सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥८॥
भगवन् कृपया त्वया कृतं जनतायामुपकारमीदृसम् ।
क्षमते प्रतिकर्तुमत्र कः कुरुते दीनजनस्ततोऽञ्जलिम् ॥९॥

जीस व्यक्ति को अपना मोक्ष प्राप्त करना है और परमेश्वर के अविनाशी अक्षरधाम को प्राप्त करना है उसके पास भक्ति करने योग्य गुरु होने चाहिये। इस बात का बहोत ही सुंदर वर्णन इस स्तोत्र में पंडीत श्री दिनानाथ भट्टजीने कीया है।

भवसंभवभीतिभेदनं सुखसम्पत्करुणानिकेतनम् ।
व्रतदानतपः क्रियाफलं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥१॥

जीस गुरु के पास उसके पास आये हुये मुमुक्षो के मनमें से जन्म और मृत्युं का भय दूर करने का सामर्थ्य है और जो सभी सुख और संपत्ति की एकमेव आश्रयस्थान है फिर भी अपने पास आये हुये सभी के लीये करुणा के सागर जैसे हैं और जो शास्त्रो में लीखीत सभी व्रत और अनेक प्रकार के दान एवम् धार्मिक सभी रुप की क्रियाओ के फल स्वरुप है। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(१)

करुणामयचारुलोचनं शरणायातजनार्तिमोचनम् ।
पतितोद्धरणाय तत्परं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥२॥

जीव मात्र के प्रति करुणामय द्रष्टि से सुंदर नेत्र के द्वारा देखने का जीनका स्वभाव है और जो अपनी शरणमें आये हुये सभी भक्तो के तीन प्रकारे के दुःख से उनको मुक्त करते हैं और अति पापी और पतित जनका भी उद्धार करने के लीये जो सदा तत्पर रहते हैं। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(२)

निजतत्त्वपथावबोधनं जनतायाः स्वत एव दुर्गमम् ।
इति चिन्त्य गृहितविग्रहं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥३॥

इस लोक के जीवात्मा को मोक्ष को वेदो में सुचीत कीये गये मार्ग से ही प्राप्त होता है। उस वेद की श्रुति कहती है - ऋतेः ज्ञानान्न मुक्ति। परमेश्वर के स्वरुप के यथार्थ तत्वज्ञान से ही आत्यन्तिक मोक्ष की प्राप्ति होती है और इस परमेश्वर के स्वरुप का ज्ञान तो केवल कृपा साध्य ही है। क्योंकि दिव्य और सूक्ष्म स्वरुप का ज्ञान कीसी भी साधन के द्वारा नहीं होता। जैसे की किसी व्रत, दान, तप, त्याग या फिर योग की साधना जैसे अति कठीन उपचार करे या फिर बडे-बडे यज्ञ करे फिर भी परमेश्वर के स्वरुप का ज्ञान होना बड़ा ही दुष्कर है। और इस ज्ञान के बिना इस जीवात्मा को आत्यंन्तिक मोक्ष अर्थात् अक्षरधामकी प्राप्ति नही होगी और अनगीनत जीवात्मा को अपने दिव्य ऐसे अक्षरधाममें ले जाने के लीये स्वयं सर्वोपरी परब्रह्म परमात्माने अपने तत्व स्वरुप का ज्ञान सभी लोगो को देने के लीये मनुष्य देह धारण

कीया है। और वह मनुष्य जैसा ही साधारण आचरण करते हैं। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(३)

विधिशंभुमुखैरनिग्रहं भवपाथोधिपरिभ्रमाकुलम् ।
अपिधार्यमनो नरप्रभं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥४॥

इस जगत के जीवात्मा का मन जब तक परमेश्वर में स्थिर नहीं होता तब तक उसे परमेश्वर के स्वरुप का यथार्थ ज्ञान नहीं होता। और मन तो बडा ही चंचल है। ऐसा श्रीमद् भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने भी कहा है - चंचल हि मनः। एसे चंचल मन का निग्रह करना ब्रह्मा, शिव जैसे बडे बडे देवताओ के लीये भी मुश्कील है, तो यह जीव जो अनादीकाल से इस संसार सागर में भटककर अति व्याकुल हुआ है वह जीव अपने मन का निग्रह कैसे कर सकेगा। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(४)

निजपादपयोजकीर्तनं सततं स्याद्भवजीवगोचरम् ।
इति यः कुरुते क्रतूत्सवं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥५॥

भगवान श्री स्वामिनारायणने वचनामृत में कहा है की अपने मन को भगवान के चरित्र की जाल में उलजाये रखना तब यह अती चंचल मन कीसी और पदार्थ में न जाय तो ऐसे चरीत्र जीव को देखने और सुनने को मीले और उसका गान करने का अवसर मीले इसीलीये परमेश्वर ने सव्यं मनुष्याकृति धारण करके जगत के जीव मात्र को अपने चरण कमल के दर्शन, स्मरण, कीर्तन का योग हो ऐसे कल्याणकारी हेतु से जो विष्णुयाग इत्यादि बडे बडे समैया करते हैं। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(५)

बहिरीक्षणलोकमानुषं निजजत्ताम्बकदर्शिनां हरिम् ।
भजनियपदं जगद्गुरुं सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥६॥

जगत के लोगो को जो बाह्य दृष्टि से मनुष्य जैसे ही दीखते है। लेकीन जीनके उपर परब्रह्म परमात्मा श्रीहरिने कृपा की है ऐसे एकान्तीक भक्तो के लीये तो वे साक्षात् अक्षरधामवासी परमेश्वर ही है और उनके चरण कमल नित्य सेव्य योग्य है। क्योंकी वो ही इस पुरे विश्वके एक मात्र गुरु है। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(६)

शरणागतपापपर्वतं गमयित्वा न तदीयसद्गुणम् ।
अणुमप्यतुलं हि मन्यते सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥७॥

इस जगत के जीवात्माने अपने सभी जन्मो के प्रारब्ध, संचित और क्रियमाण ऐसे तीन प्रकार के पाप कर्म अपने साथ पर्वत की तहर चीपके हुये है। लेकिन अगर यह जीव श्रीहरि की शरण में आता है तो उनके यह इतने बड़े सभी पापो को वे नही देखता। लेकिन उनमें अगर बडी अल्पमात्रा में भी कोई सदगुण है तो उसे देखकर वे उसको अपना एकान्तीक भक्त बनाते हैं। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(७)

भववारिधिमोक्षसाधनं गुरुराजप्रकटस्वसंगमम् ।
प्रकटीकृतवान् कृपावशः सहजानन्दगुरुं भजे सदा ॥८॥

जीवात्मा को इस विकट संसार सागर को पार करने के लीये और आत्यन्तिक मोक्ष की प्राप्ति करने के लीये अपना सानिध्य - रुप आश्रय मील शके इसलीये कृपावश हो कर मनुष्य देह धारण करके योग दीया है ऐसे गुरुओ के भी गुरु राजाधिराज जो केवल अपनी कृपा से प्राप्त होते हैं। एसे सभी जीवो के योग्य गुरु एसे मेरे गुरु भगवान श्रीहरि श्री सहजानंद स्वामी का में अखंड रुप से सर्वदा भजन करता हुं।(८)

भगवन् कृपया त्वया कृतं जनतायामुपकारमीदृसम् ।
क्षमते प्रतिकर्तुमत्र कः कुरुते दीनजनस्ततोऽञ्जलिम् ॥९॥

हे परंब्रह्म परमात्मा भगवान श्री सहजानंद स्वामी, आपने कृपा करके इस लोक में मनुष्य देह धारण करके जगत की जीव प्राणी मात्र को सेवा, पूजा और दर्शन देकर जो बडा उपकार कीया है जीस को कैसे वापस कीया जाये ऐसी बुद्धि इस विश्व के कीसी जीव के पास नही है। और इसलिये इसका ऋण हम चुका सके इस हेतु हे प्रभु मे दीन ऐसा दीनानाथ भट्ट आपके श्रीचरणो में केवल अपने दो हाथ जोड कर अंजली रुप नमस्कार करके विनय से खडा हुं।(९)

श्री स्वामिनारायण म्युजियम के द्वार से

श्री स्वामिनारायण म्युजियम





इस संप्रदायमें श्रीजी महाराजने अखंड रुप में प्रत्यक्ष रहने के लीए तीन गूढ संकल्प कीये और उस मुताबीक भगवत स्वरुप प्रतिष्ठा की और निरामय और निर्मल धर्मवंशी आचार्य पद की रचना की और शिक्षापत्री आदी सद्ग्रंथो की स्वयं रचना की और इन तीनो स्वरुप में वे स्वयं सत्संग में आज प्रत्यक्ष रुप में विराजमान है।

श्रीजी के अपर स्वरुप एसे आचार्य महाराजश्री इस सत्संग की हृदय की धबकार है । स्वयं श्रीजी महाराज उन्हे यहाँ इस पृथ्वी के अक्षरधाम से भेजते हैं और उस शुभ समय पर इस भूमंडल में आनंदोत्सव छा जाये वह स्वाभाविक है।

उस समय में संदेश के आदान प्रदान के साधन मौजुद नहीं थे, मुसाफरी मुस्कील और कष्टदायक थी इसीलीये समाचार को पहोंचाने में स्वाभाविक रुप से विलंब होता था।

अहमदाबाद श्री नरनारायणदेव देश की गादी के दूरसे आचार्यश्री केशवप्रसादजी महाराजश्री के लालजीश्री (आचार्यश्री पुरुषोत्तमप्रसादजी महाराजश्री) का जन्म हुआ और त्यागी-गृही सभी लोग इस समाचार से आनंद हो उठे और संप्रदाय के कोने कोने तक यह समाचार पहोंचाया गया।

आचार्यश्री के उत्सव को मनाना वह एक परंपरा है। ऐसे समय पर सभी देव संत हरिभक्तो की रसोई तैयार होती थी। संत एवम् हरिभक्त बाल लालजीश्री की दीर्धायु और निरोगी स्वास्थ्य की कामना करते हुए श्रीजी महाराज का विशेष भजन करते थे। यही समज हमारी परंपरा है।

लालजी महाराजश्री (आचार्यश्री पुरुषोत्तमप्रसादजी महाराजश्री) के पादुर्भाव के समाचार उतर प्रदेश से अहमदाबाद आये और अहमदाबाद से मूली तह पहोंचाये उसकी प्रतिती इस पत्र से होती है।

यह बात ध्यान देने लायक है की एसे शुभ अवसर पर श्री आचार्य महाराजश्री धर्म प्रचार के लीए धोलका पधारे थे। धर्मवंशी आचार्यने तो इस संप्रदाय को ही अपना परिवार माना है। और उनकी यह अडग कर्तव्य भावना ही सत्संग के प्रति उनकी आत्मबुद्धिकी सुचक है।

संत हरिभक्तो के दर्शनके लिये यह पत्र म्यजियम में दर्शन के लिये रखा गया है। आज से करीब १४७ वर्ष पहले यह पत्र उसके मूल स्वरुप में ही हमे उसके दर्शन होते है वही हमारा भाग्य है।

- प्रो. हितेन्द्रभाई पटेल

श्री स्वामिनारायण म्युजियम मे भेट देनेवालों की नामावलि-दिसम्बर-१७

रु. १,११,१११/-	महेन्द्रभाई रावजीभाई पटेल, ह. बकुलाबेन - उवारसद
रु. २५,०००/-	घनश्यामभाई परीख, ह. कुसुम और अनुष्कांत देवेन्द्रभाई परीख - अहमदाबाद
रु. १४,१८५/-	डॉ. लालजी हालाई - केनेडा
रु. १२,०००/-	जगदीशभाई कालीदास दरजी - सादरवाला - बोपल
रु. ११,५००/-	अनिलभाई नारायणभाजीभाई जोषी - अहमदाबाद
रु. ११,०००/-	शारदाबेन विशाभाई पटेल, ह. घनश्याम और महेशभाई - डांगरवा
रु. ११,०००/-	अ.नि. जटागौरी जगमोहनदास पारेख, ह. शैलेष और उमंग पारेख - मुंबई
रु. ५,५५५/-	गोहिल निलाबहन मधुभा - भरुच
रु. ५,००१/-	नर्मदाबेन वजुभाई बुटीया - कालीयाणावाला - नारणपुरा
रु. ५,०००/-	कौशल नितीनकुमार शाह - अहमदाबाद
रु. ५,०००/-	करशनभाई जी. काठीया - सायन्ससीटी अहमदाबाद
रु. ५,०००/-	नधितथा उर्जित त्रिवेदी राजीपा अर्थे - अहमदाबाद
रु. ५,०००/-	मीनाबेन के. जोषी - बोपल
रु. ५,०००/-	मुकेशभाई रमणभाई पटेल - साबरमती

श्री स्वामिनारायण म्युजियम में श्री नरनारायण देव की मूर्ति का अभिषेक कराने वालों की नामावलि दिसम्बर-२०१७

दि. ०३-१२-२०१७	अमितभाई घीया - हैद्राबाद
दि. ०५-१२-२०१७	अ.नि. घनश्यामभाई डाह्याभाई पटेल, ह. हेमेन्द्रभाई और भावेशभाई - कुबडथल
दि. १०-१२-२०१७	जीग्नेशभाई भाईलालभाई ठक्कर - कांकरीया
दि. १२-१२-२०१७	राजबहादुर रमणलाल भावसाल - नवा वाडज
दि. १३-१२-२०१७	जयमीन नंदलाल पंचाल, ह. लताबेन नंदलालभाई - नवा वाडज - अभी केनेडा
दि. १७-१२-२०१७	हिंमत कल्याण हालाई - लंडन
दि. १८-१२-२०१७	मनोज केशरा वालजी जेसाणी - बलदिया
दि. २३-१२-२०१७	(सुबह) अनिलभाई मनजीभाई पटेल - भरुच
	(दूपहर) मालविका जयंतिलाल हालाई और मीनाबेन हालाई - मेघपर
दि. २४-१२-२०१७	अ.नि. दुष्यंतभाई वाडीलाल ठक्कर - अहमदाबाद (१० वी वार्षीक पुण्यतिथि के अवसर पर)
दि. ३०-१२-२०१७	निल और हरी और सहज ओस्ट्रेलीया, ह. प्राणजीवनभाई पटेल - देवपुरवाला
दि. ३१-१२-२०१७	अ.नि. कंचनबेन किशनलाल काछीया परिवार - लुणावाडा

सूचना :श्री स्वामिनारायण म्युजियम में प्रति पूनम को प.पू. मोटा महाराजश्री प्रातः ११-३० को आरती उतारते हैं ।

शुभ प्रसंग पर भेंट देने के योग्य अथवा व्यक्तिगत संग्रह के लिये - श्री नरनारायणदेव की प्रतिमा वाला २० ग्राम चांदी का सिक्का म्युजियम में प्राप्त होता है ।

सत्संग बालवाटिका

संपादक : शास्त्री हरिकेशवदासजी (गांधीनगर)

सौ बात की एक बात

– शास्त्री हरिप्रियदासजी (गांधीनगर)

प्रिय मित्र ! आइये, यहा बेठे आज हम भगवान श्री स्वामिनारायण ने उत्तर गुजरात के सादरा गाँव में जो अद्‌भूत उपदेश दिया था उसका आस्वाद ले ।

बात यहा है की, एक दिन भगवान सादरा आये । सादरा में एक भक्तने श्रीजी महाराज को अपने घर ठहर जाने की बिनती की । भक्त का घर छोटा देखकर भगवानने कहा कि ''अगर हम आपके घर पर रात्रि को अगर रुक जायेगें तो आपको बहुत तकलीफ होगी, कष्ट होगा । हमें चौराहे में कीसी का डर नहीं और हम रात्रि को चौराहे में ही ठहर जायेगें और वही सो जायेंगे । थाल ग्रहण करके भगवानने चौराहे की बैठक पर अपना स्थान लीया । यह भक्त अपने घर से शय्या का सामान लाये लेकीन श्रीजी महाराज तो उसी बैठक पर सो जाने के लीये तैयार थे ।

कीसीभी कार्य करना हो तो उसके पीछे तप करतना पडता है तभी वो कार्य संपन्न होता है । वह कार्य एसे ही नहीं हो जाता । आज हम हमारी स्थिती को देखते हैं तो हम सब लोग अच्छी जगह पर बेठ कर परमात्मा की चरित्रो को सुनते है या फिर संकिर्तन करते हैं । लेकिन यह जगह पर पहले इष्टदेवने कितना तप किया है वह हमारे उपदेश के लीये है । भगवानने देखा की भक्त का घर छोटा है और सभी पार्षदो को मिलाकर हमारी संख्या ज्यादा है तो इन सबको साथ में रखकर घर में सो जाना संभव नही था इसीलिये भगवान चौराहे पर जाकर सो गये ।

वहाँ आसपास के सभी लोगो को यह पत्ता चला की गाँव के चौराहे पर कोई आया है । लडके कहने लगे की कोई आया है और उनके साथ चार घुडसवार भी है तो कुछ लोग गभरा गये और वह सोचने लगे की यह घुडसवार कीसी लुट के लीये आये होंगे या फीर कहीं पर जगडा होने वाला होगा ! तो कोई यह बात लेकर आया की यह तो स्वामिनारायण भगवान है और फिर तुरंत ही चौराहे पर एक बड़ी सभा आयोजीत की गई । सभी लोग नीचे बैठ गये और श्रीजी महाराज उच्च स्थान पर बिराजमान हुये ।

प्रभुने उस समय सादरा के सभी निवासीओ को उपदेश दिया, ''आप सभी लोग धार्मिक हो, मुमुक्षु को । इश्वरने आपको यह मनुष्य अवतार दीया इसका विचार कीया है ! हे भक्त मनुष्य और पशु में क्या फर्क है ? मनुष्य अन्न ग्रहण करता है वैसे ही पशुभी अन्न ग्रहण करते है । मनुष्य अपने परिवार निर्वहन करता है तो पशु भी अपने बच्चों का निर्वहन करते हैं । मनुष्य सोता है पशुभी सोते है, मनुष्य के मन मे भय है तो पशु के मन में भी है और मनुष्य ओर पशु दोनो में प्रित (स्नेह) दिखाई देती है । तो फिर मनुष्य और पशु में क्या फर्क है ? पशु भगवान का भजन नहीं कर सकते । वे सतकर्म भी नहीं कर सकते जब की मनुष्य जब भी चाहे धर्म का पालन करके भगवान की भक्ति करत सकता है । और इसी बात से मनुष्य पशु से भिन हैं । अगर भक्ति नहीं है तो एसे मनुष्य और पशु में कोई भेद नही रहता ।''

स्वामिनारायण भगवान से यह उपदेश श्रवण

करने के बाद सादरा के वे निवासी लोग बोलने लगे की भगवान श्री स्वामिनारायण की यह बात तो बीलकुल सच्ची लगती है। आज हम केवल खाना खाये या फीर अपने परिवार का निरवहन करे तो फिर हमारे अंदर मानव बुद्धि की कोनसी विशेषता रहती है ? तभी गाँव के एक भूदेव गोर महाराजने कहा की जो बात भगवान स्वामिनारायणने कही है ऐसी एक बात मुजे भी पता है।

तुलसी हरिकी भक्ति बिना,
धिक दाढी धिक मूछ।

देखीये मुजे पता है ना ? हा भूदेव ! आप सही हो। जैसे की तुलसीदासजी कहते हैं भगवाने वह मटीरीयल लीया और ईश्वर की ईच्छा थी की वे उसको एक सबसे बड़ा लंबकर्ण बनाये लेकीन शायद भगवान कोई जल्दी में होंगे या फीर गलती से चार पैर की जगह दो पैर बना दीये। गलती हो गई और पुंछ लगाने की जगह मूंछ लगा दी और इसी जल्दी और लगती से इश्वरने पशु की जगह मनुष्य बना दीया। लेकीन तुलसीदासजी कहते हैं की हय सब कीसके लीये ? तो जिसके जीवन में यदी भक्ति-सत्संग इत्यादी नहीं है तो उसकी मनुष्यता को धिक्कार है।

सादरा में यह उपदेश सुनकर जो मुमुक्षु थे उनके भाग्य खुल गये और भगवान स्वामिनारायण के दर्शन हुये और उनके मुख से उपदेश सुनने को मिला।

मित्रो ! आपने यह उपदेश सुना ! कितनी अच्छी बात है। इसी लिये ही संतोने कहा है कि

''मिला मनुष्य देह चिंतामणी रे.....''

इस अमूल्य मनुष्य देह से भक्ति सत्संग करना न भूले यह ध्यान रखना है। सौ बात की एक बात हमें भगवान की भक्ति करनी है।

●

ईर्षालु को अधीक तकलीफ

– नारायण वी. जानी (गांधीनगर)

भगवानने बहुत कृपा करके हमे यह मनुष्य देह दीया है इस धरती पर बहुत सारे जीव सृष्टि है लेकिन विचार शक्ति वाचा, हास्य एसी अमुल्य भेट केवल मनुष्य देह को ही दी है। अगर इसका सुचारु रुप से परोपकार और भजन भक्ति के लीये उपयोग कीया जाय तो बहुत अच्छा काम हो जाये लेकिन सबसे बडी मुश्कील यह है की व्यक्ति इर्ष्या की वजह से अपना कर्तव्य भुल जाते है। और उसे अपने ही की गई गलतीयो को फल भुगतना पडता है।

यह छोटी लेकीन बहुत जरुरी बात हमे एसी गलतीयो से हमको बचाने के लीये मददरुप होगी। एक बडा गाँव था और गाँव में तो सभी तरह के लोग होते हैं। कोई व्यापार करता हो तो कोई पढाता हो, कोई कपडो की सिलाई करता हो, कोई मजुरी करता हो या फीर कोई नोकरी करता हो इत्यादि बहुत सारे प्रकारे के व्यवसाय से जुडे हुए अलग-अलग व्यक्तिओ की वस्तीवाला वह गाम था। इस गाँव में एक कठियारा रहता था वह दूर दूर के जंगल से लकडीया काट कर शहर में बेचकर अपना गुजारा चलाता था। कठियारा भगवान ने दी हुई इस जींदगी को बड़ी खुशी से महेनत के साथ जी रहा था।

इस कठियारे को अपने शिर पर एक लहुकी गाठ हो गई। गाँव के वैद्य दाक्टर इत्यादि को दिखाया। और दवाइया भी ली लेकिन इस गाठ का कोई उपचार नहीं हुआ। एक दीन की बात है वह कठियारा लगडीयाँ लेते हुए जंगल में बहुत दूर नीकल गया। साम हो गई तभी कठियाराना यह विचार कीया की अब घर की और वापस जंगल में से नीकलना बहुत खतरनाक होगा। सामने लुटेरे मीले या फीर जंगली पशु दोनो से अपने

जान को खतरा है इसीलिये वह जंगल में नदी के पास एक छोटी सी गुफामें बैठा रहा था।

आदी रात तो एसे ही पसार हो गई तब गुफा की बहार की और कीसी वाजींत्र की आवाज सुनने लगी उसको आश्चर्य हुआ इस समय पर यहाँ वाजींत्र कौन बजा रहा होगा ? आश्चर्य चकित होकत उसने बहार आकर देखा तो नदी के पास बैठ कर सभी देवगण मीठाईया ले रहे थे और मीठाईया खाने के बाद वे सभी नृत्य करने लगे। कुछ देर तक तो कठियाराने बैठ कर सबकुछ देखा लेकीन बाद में उससे रहा नही गया।

एसा सुंदर संगीत बज रहा हो और देवगण भी नृत्य कर रहे हो तभी कौन बैठे रह सकता है ! हाथ में कुल्हाडी लेकर वह कठीयारा भी देवोके बीच जाकर उनके साथ नाचने लगा।

कठीयारा जीस तरह से हाथ में कुल्हाडी लेकर नाच रहा था वह देवो को खूब अच्छा लगा। कठीयारा के उपर प्रसन्न होकर उसे भी मीठाईया खाने को दी और उन सब में रात्री का समय हो गया । और सुबह होने के आयी । कठीयारा के नृत्य से प्रसन्न हुइ देवगणने इस कठियारा से कहा की ''तेरा यह नृत्य बहुत अच्छा लगा है, कल भी तुम यहाँ पर आ जाना और इसके लीये तुम अपनी कोई चीज यहाँ हमे देकर जाव अगर तुम वापस आये तो वह चीज तुम्हे वापस मीलेगी और अगर नही आया तो वह चीज तुम्हे वापस नही मीलेगी।

यह बीचारा कठीयारा..... ''क्या होगा उसके आपस ! तभी देवगण में उसके शीर पर की वह गाँठ देख ली और उनको यह चीज बहुत ही मुल्यवान लगी अपने चमत्कारीक हाथो से देवगणने वह गाठ नीकालली।

गाठ दूर हो जाने से कठीयारा का शिर और चहेरा बहुत ही सुंदर दिखने लगा। वह सुबह को अपने धर वापस आया, उसे देखकर उसके परिवार के लोग बहुत खुश हुए। इस कठीयारा पडोशी एक आदमी बहुत विचीत्र था । उसके मन में इर्ष्या थी संयोग से उसके शिर पर भी एसी गाठ थी उसने यह देखा की इस कठियारा के सार से गाठ चली गई और मे अभी अभी इसकी वजहसे खराब दीख रहा हूँ। एसा कैसे चलेगा। फिर तो वह कठीयारा के पास आकर बाते करने लगा और बातो बातो में ही उसने इस भोले कठीयाराके पास से अगली रात्री की सारी बाते जान ली । कठीयारा तो अपने काममें व्यस्त हो गया लेगीन वह ईर्ष्यालु पडोशी उस स्थान पर जाकर गुफा में बैठकर राह देखने लगा आधी रात को देवगण आये लेकीन आज कोई उत्सव मनाया नही जा रहा था और इसीलीये आज कोई नृत्य का कोई कार्यक्रम भी नहीं था लेकिन वह कुल्हाडीवाले आदमी को देखकर देवगण कहने लगे यह आदमी कीतना प्रामाणीक है, जैसे उसने कहा था वैसे वह आ गया तो हमे उसे उसकी वस्तु वापस देनी चाहीए।

ऐसा सोचकर देवगण ने उस आदमी के शिर पर वह गाठ वापस चिपकादी। उस आदमी के शिर पर पहले से ही एक गाठ थी अब दूसरी गाठ भी आ गई। शिर पर यह दो गाठ की वजह से वह बड़ा कदरुपा दीखने लगा। उसे अपने कीया पर पस्तावा होने लगा और वह बहुत दुःखी हो गया।

मित्रो ! आपने देखा की ईर्ष्या सुखी जीवन को इस तरह से दुःखी बना देती है। जीसे कोई ईर्ष्या नही थी एसे कठीयारा अनायास ही अपनी गाठ से मुक्ति मिल गई और इस ईर्ष्या वाले व्यक्ति को दूसरी गाठ मिली । इसीलीये हमे यह बात याद रखनी है की जो व्यक्ति दूसरो की ईर्ष्या करता है उसे दुगना दुःख मिलता है।

इसीलिये भगवान श्री स्वामिनारायणने हमे यह उपदेश दीया है की एक-दूसरो की ईर्ष्या कभी नहीं करनी है। जीस ईर्ष्या की वजह से भगवान के भक्त का द्रोह हो एसी ईर्ष्या का सर्व प्रकार से त्याग करना चाहीए।

भक्तिसुधा

(प.पू.अ.सौ. गादीवालाजी के आशीर्वचन में से)
(एकादशी सत्संग सभा प्रसंग पर कालुपुर मंदिर हवेली) "इस जगत को जीसने बनाया उसने अपने जीवन की डोर सोप कर देखे"
(संकलन : कोटक वर्षा नटवरलाल - घोडासर)

